एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

रविवार, 13 सितंबर 2026,

**PAGE NO.- 03 BOTTOM**

# डा.तोमर व डा. लालता प्रसाद का मिला सम्मान



पूर्व मेयर डा. आईएस तोमर का किया गया सम्मान। ● अमृत विचार

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कान्फ्रेंस शुरू

बरेली, अमृत विचार : सर्जरी के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए वरिष्ठ सर्जन एवं पूर्व महापौर डा.आईएस तोमर और वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा.लालता प्रसाद को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। चेयरमैन देव मूर्ति ने चिकित्सकों की युवा पीढ़ी को इन दोनों से मरीजों के प्रति सेवा भाव, जुनून और नैतिक मूल्यों को सीखने का संदेश दिया।

एसोसिएशन ऑफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग व एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर हो रही इस कान्फ्रेंस में साइंटिफिक प्रोग्राम के तहत 11 सेशन हुए। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। डा.आईएस तोमर ने सम्मान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट का आभार जताया। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा.रवीश अग्रवाल ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को उत्तर भारत का प्रीमियम मेडिकल कॉलेज बताया।